छोटी लाल ट्रेन



छोटी लाल ट्रेन

डफी छोटी लाल ट्रेन का ड्राइवर था और जैक उसका गार्ड था. दोनों गार्ड की वैन में बैठकर चाय पी रहे थे, जब एक बड़ी लॉरी रेल्वे साइडिंग के पास से गुज़री.

"क्या तुम लोगों के पास कोई काम-धंधा नहीं है, दोस्त?" लॉरी का ड्राइवर, डफी पर चिल्लाया. "मुझे उसमें कोई ताज़्ज़ुब नहीं है. तुम्हारी ट्रेन अब पुरानी और खटारा हो गई है और अब वो किसी काम की नहीं रही है! उसे या तो किसी संग्रहालय में रख दो, या फिर कचरे के ढेर में जाकर फेंक दो."



डफी को निश्चित तौर पर छोटी लाल ट्रेन बूढ़ी और बेकार नहीं लगी.

तभी डफी और जैक के पास अचानक तीन मेहमान आए.

"सर्दियों में बिकने वाला का मेरा फर्नीचर बंदरगाह पर अभी भी अटका है," शोरूम के मैनेजर ने कहा.

"मुझे अपने कंक्रीट मिक्सर के लिए खदान से बजरी चाहिए," सीमेंट कारखाने के फोरमैन ने कहा.

"मुझे जंगल से पेड़ों के तने ढोकर लाने की सख्त जरूरत है," आरा मशीन के मालिक ने कहा.

"हमेशा की तरह सड़कों के ज़रिए माल ढोने वाले ट्रकों का क्या हुआ?" डफी ने अपने आगंतुकों से पूछा.

"भयानक ट्रैफिक जैम है," उन्होंने कहा, "सड़क पर मरम्मत का काम चल रहा है, ट्रैफिक लाइट काम नहीं कर रही हैं. हम सोच रहे थे कि क्या छोटी लाल ट्रेन हमारी कुछ मदद कर सकती है. पुराने रेल के ट्रैक और वैगनें वहां अभी भी मौजूद हैं."



"हम आपकी ज़रूर मदद करेंगे," डफी ने वादा किया.

"साथ में तेल का डिब्बा ले जाना मत भूलना, जैक!"

छोटी लाल ट्रेन फुल स्पीड से अपनी मंज़िल की ओर चली.

छुक-छुक-छुक-छुक-



"मैं देख सकता हूं कि ट्रैफिक जैम के कारण उन्हें ट्रक क्यों नहीं मिले,"

डफी ने गार्ड की वैन में खड़े जैक से चिल्लाते हुए कहा.

जब छोटी लाल ट्रेन बंदरगाह पर पहुंची, तो डफी और जैक ने पुरानी रेल्वे साइडिंग पर गौर से एक नज़र डाली.

"पुरानी रेल लाइन वहां है!" जैक चिल्लाया. "वहां बहुत सारी पुरानी वैगनें भी खड़ी हैं." डफी ने कई वैगनों को छोटी लाल ट्रेन के पीछे जोड़ा.



पुरानी रेल लाइन उन्हें बंदरगाह के ठीक सामने एक विशाल क्रेन के नीचे ले गई.



क्रेन ने जहाजों पर रखे फर्नीचर के कंटेनरों को
उठाकर तीन सपाट रेल वैगनों में लोड किया.



जब सभी वैगन लोड हो गयीं, तब छोटी लाल ट्रेन पुरानी साइडिंग्स से बाहर निकली और फिर मेन लाइन पर दौड़ने लगी.

"चलो, अब खदान की तरफ चलते हैं," डफी ने कहा.

छुक-छुक-छुक-छुक, छोटी लाल ट्रेन के पिस्टन गाना गाते हुए आगे बढ़े.

ट्रेन के जंग लगे पहिए रेल की पटरी पर तेज़ी से घूमने लगे. छुक-छुक-छुक-छुक-

जब वे खदान पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि पुरानी रेल्वे लाइन लगभग पूरी तरह से धूल की परत से ढंक गई थी.

"देखो, यहाँ बहुत सारे बजरी की पुरानी वैगनें भी हैं," जैक ने कहा. "चलो उन्हें ट्रेन से जोड़ते हैं."



एक-एक करके खदान के हॉपर ने,

वैगनों को बजरी से ऊपर तक भरा.

"अब जंगल की ओर," डफी ने कहा. "मुझे उम्मीद है कि हमारी छोटी लाल ट्रेन में इन सभी वैगनों को खींचने की ताकत होगी."

छुक-छुक-छुक-छुक - छोटी लाल ट्रेन के धुएं से सुरंग भर गई.

वैगनों के जंग खाए पहिए पटरी पर डरावनी आवाज़ में चीखने लगे.



कुछ देर बाद वे जंगल में पहुंचे. डफी और जैक ने जल्द ही वहां की रेल पटरी और कुछ चपटी वैगनों को झाड़ियों में छिपा पाया. डफी, छोटी लाल ट्रेन को पुरानी पटरियों पर ले गया और वहां जाकर उसने चपटी वैगनों को अपने इंजन से जोड़ा.

जंगल के मज़दूरों ने पेड़ों के लंबे-लंबे तनों को मशीनों की सहायता से चपटी वैगनों पर लोड किया. जल्द ही छोटी लाल ट्रेन अपने वापसी सफर के लिए तैयार थी.

"चलो, अब घर के लिए रवाना होते हैं!" डफी ने कहा.



छोटी लाल ट्रेन के पहिए घूमने लगे, उसकी चिमनी से धुआं,
और फ़नल से भाप निकलने लगी. छुक-छुक-छुक-छुक. क्या छोटी
लाल ट्रेन इतनी लम्बी ट्रेन को खींच पाएगी? बहुत धीरे-धीरे वैगनों
की लंबी लाइन को - जंगल से पेड़ के तनों को, खदान से बजरी और
बंदरगाह से फर्नीचर के कंटेनर लेकर छोटी लाल ट्रेन मुख्य रेल
लाइन पर धीमे-धीमे आगे बढ़ने लगी.

कुछ देर में ट्रेन ने एक लूप तय किया. ट्रेन बहुत लंबी होने के कारण,
जैक गार्ड की वैन इंजन के करीब आ गई.

छुक-छुक-छुक-छुक!! लम्बी लाल ट्रेन ने सीटी दी.



डफी ने ट्रक ड्राइवरों को देखकर अपना हाथ लहराया,

ट्रक अभी भी ट्रैफिक जाम में फंसे हुए थे.

डफी और जैक शोरूम मैनेजर के पास पहुँचे और फिर सीमेंट कारखाने में. अंत में आरा मशीन के पास उन्होंने पेड़ों के तने उतारे.

"छोटी लाल ट्रेन का बहुत-बहुत धन्यवाद," सभी ने कहा. "तुम्हारे बिना हम लोग बुरी तरह से अटक गए होते!"

डफी और जैक ने वैगन को साफ किया और उसके पहियों में तेल डाला. फिर उन्होंने छोटे लाल इंजन पर एक चमकदार लाल पेंट का कोट लगाया.

"अगले काम के लिए अब हम पूरी तरह तैयार हैं," डफी ने गर्व से कहा. "हमारी छोटी लाल ट्रेन ने आज एक महान काम किया है."

समाप्त